# 2022

# HISTORY

**Time – 3 Hours 15 Minutes**

*(First 15 minutes for reading the question paper only)*

**Full Marks – 90** For Regular Candidates

**Full Marks – 100** For External Candidates

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

[विभाग 'क' से विभाग 'ङ' तक दिये गये प्रश्न नियमित एवं बाह्य सभी परीक्षार्थियों के लिए हैं। विभाग 'च' में दिये गये प्रश्न केवल बाह्य परीक्षार्थियों के लिए।]

(विभाग 'क' के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अन्य विभागों में विकल्प प्रश्नों पर ध्यान दें। विभाग 'ख' में केवल मात्र दृष्टिहीन परीक्षार्थी विकल्प प्रश्न का उत्तर निर्देशानुसार लिखेंगे। शेष सभी परीक्षार्थी मानचित्र चिह्नित करेंगे।)

## विभाग 'क'

1. सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1×20=20

1.1 सत्यजीत राय सम्बन्धित थे —

(क) खेल के इतिहास से (ख) शहर के इतिहास से

(ग) नारी के इतिहास से (घ) कला चर्चा के इतिहास से

1.2 रेशम का आविष्कार हुआ था प्राचीन —

(क) भारत में (ख) रोम में

(ग) परसिया में (घ) चीन में

1.3 'निषिद्ध शहर' कहा जाता है —

(क) लासा को (ख) बीजिंग को

(ग) रोम को (घ) कान्स्टैन्टिनोपल को

1.4 सामयिक पत्रिका 'बंगदर्शन' थी एक —

(क) साप्ताहिक (ख) पाक्षिक

(ग) मासिक (घ) वार्षिक

1.5 'नीलदर्पण' नाटक की छपाई हुई थी —

(क) नदिया में | (ख) ढाका में

(ग) श्रीरामपुर में | (घ) कलकत्ता में

1.6 राममोहन राय के पश्चात् ब्रह्मसमाज का संचालन किए थे —

(क) अक्षय कुमार दत्त | (ख) देवेन्द्रनाथ ठाकुर

(ग) रामचन्द्र विद्यावागीश | (घ) ताराचाँद चक्रवर्ती

1.7 बंगाली द्वारा परिचालित प्रथम बाँगला संवादपत्र था —

(क) समाचार दर्पण | (ख) संवाद प्रभाकर

(ग) ब्राह्मण सेवधि | (घ) बंगाल गजट

1.8 कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रथम मुस्लिम स्नातक थे —

(क) सैयद आमीर अली | (ख) अब्दुल लतीफ

(ग) दिलवर हुसैन अहमद | (घ) सैयद अहमद

1.9 औपनिवेशिक अरण्य कानून के विरुद्ध संचालित एक आदिवासी विद्रोह था —

(क) संन्यासी-फकीर विद्रोह | (ख) चुआड़ विद्रोह

(ग) कोल विद्रोह | (घ) रम्पा विद्रोह

1.10 'संन्यासी विद्रोह' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किए —

(क) विन्सेन्ट स्मिथ | (ख) जेम्स मिल

(ग) वारेन हेस्टिंग्स | (घ) लार्ड कार्नवालिस

1.11 सबसे अधिक समय तक चलने वाला किसान विद्रोह था —

(क) चुआड़ विद्रोह | (ख) फराज़ी आन्दोलन

(ग) संन्यासी-फकीर विद्रोह | (घ) सन्थाल विद्रोह

1.12 मीर निसार अली नेतृत्व दिए थे —

(क) बंगाल में वहाबी आन्दोलन को | (ख) फराज़ी आन्दोलन को

(ग) संन्यासी-फकीर विद्रोह को | (घ) नील विद्रोह को

1.13 'राष्ट्रगुरु' नाम से परिचित थे —

(क) राममोहन राय | (ख) राजनारायण बसु

(ग) नवगोपाल मित्र | (घ) सुरेन्द्रनाथ बंद्योपाध्याय

1.14 महाविद्रोह (1857) को 'कृषक विद्रोह' की संज्ञा दिये थे —

(क) सुरेन्द्रनाथ सेन | (ख) रमेशचन्द्र मजुमदार

(ग) शशीभूषण चौधरी | (घ) विनायक दामोदर सावरकर

1.15 आनन्द मोहन बसु भारत सभा के थे ________________

(क) संस्थापक | (ख) सभापति

(ग) उप सभापति | (घ) सचिव

1.16 'वन्देमातरम्' संगीत की रचना किए थे —

(क) रवीन्द्रनाथ ठाकुर | (ख) सत्येन्द्रनाथ ठाकुर

(ग) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय | (घ) स्वामी विवेकानन्द

1.17 वसुविज्ञान मन्दिर के संस्थापक जगदीशचन्द्र बसु अध्यापक थे —

(क) गणित के | (ख) रसायन विज्ञान के

(ग) भौतिक विज्ञान के | (घ) वनस्पति विज्ञान के

1.18 बंगाल इन्जीनीयरिंग कालेज की स्थापना हुई थी —

(क) 1833 ई. में | (ख) 1856 ई. में

(ग) 1880 ई. में | (घ) 1903 ई. में

1.19 'राष्ट्रीय शिक्षा परिषद' (1906) के प्रथम सभापति थे —

(क) रासबिहारी घोष | (ख) अरबिन्द घोष

(ग) तारकनाथ पालित | (घ) सतीशचन्द्र मुखोपाध्याय

1.20 'दिग्दर्शन' के सम्पादक थे —

(क) विलियम केरी | (ख) जोशुया मार्शमैन

(ग) फेलिक्स केरी | (घ) जॉन क्लार्क मार्शमैन

## विभाग 'ख'

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उपविभाग से कम से कम 1 करके कुल 16 प्रश्नों के उत्त दीजिए) : 1×16=1(

### उपविभाग : 2.1

एक वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×4=4

(2.1.1) 'सोमप्रकाश'-का प्रकाशन अस्थायी रूपसे किस वर्ष में स्थगित रखा गया था ?

(2.1.2) कलकाता की एक औपनिवेशिक स्थापत्य कला का उदाहरण दीजिए।

(2.1.3) रेव. जेम्स लौंग किस अपराध के लिए दोषी घोषित हुए थे ?

(2.1.4) 'विद्याहारावली' ग्रन्थ के रचनाकार कौन थे ?

### उपविभाग : 2.2

सत्य अथवा असत्य निर्णय कीजिए : 1×4=4

(2.2.1) भारत में स्थलसेना का प्रथम बार प्रयोग पलासी के युद्ध में हुआ।

(2.2.2) मोहन बगान क्लब 1911 ई. में आई.एफ.ए. शील्ड जीता था।

(2.2.3) श्रीशचन्द्र न्यायरत्न ने सर्वप्रथम विधवा विवाह किया।

(2.2.4) लैण्डलार्ड सोसायटी के सचिवों में एक प्रसन्न कुमार टैगोर थे।

### उपविभाग : 2.3

स्तम्भ 'B' के साथ स्तम्भ 'A' की तुलना कीजिए : 1×4=4

| स्तम्भ 'A' | स्तम्भ 'B' |
|---|---|
| (2.3.1) लार्ड रीपन | (1) जमींदार सभा |
| (2.3.2) राममोहन राय | (2) हण्टर कमीशन |
| (2.3.3) द्वारकानाथ टैगोर | (3) बंगाल टेक्निकल इन्स्टीटयूट |
| (2.3.4) तारकनाथ पालित | (4) एंग्लो-हिन्दू स्कूल |

## उपविभाग : 2.4

प्रदत्त भारत वर्ष के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को चिह्नित एवं नामांकित कीजिए : 1×4=4

(2.4.1) नील विद्रोह का एक केन्द्र — नदिया ।

(2.4.2) कोल विद्रोह का क्षेत्र — छोटानागपुर ।

(2.4.3) महाविद्रोह (1857) का एक केन्द्र — दिल्ली ।

(2.4.4) महाविद्रोह (1857) का एक केन्द्र — कानपुर ।

अथवा

**(केवल मात्र दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए)**

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×4=4

(2.4.1) 'हूल' शब्द का अर्थ ________________ है ।

(2.4.2) 'नीलदर्पण' नाटक की रचना किए ________________ ।

(2.4.3) भारत के प्रथम वायसराय ________________ थे ।

(2.4.4) 'श्रीरामपुर मिशन प्रेस' की स्थापना हुई थी ________________ ई. में ।

## उपविभाग : 2.5

निम्नलिखित कथनों के साथ सटीक व्याख्या को चुनिए : 1×4=4

(2.5.1) कथन : 1817 ई. में पाश्चात्य शिक्षा के विस्तार के लिए हिन्दु कालेज की स्थापना हुई ।

व्याख्या 1 : इस कालेज में केवल हिन्दू छात्रों को प्रवेश का अधिकार था ।

व्याख्या 2 : इस कालेज में हिन्दू एवं ब्राह्म दोनों छात्रों को प्रवेश का अधिकार था ।

व्याख्या 3 : इस कालेज में सभी धर्मों के छात्रों को प्रवेश का अधिकार था ।

(2.5.2) कथन : औपनिवेशिक सरकार आदिवासियों के लिए 'दक्षिण-पश्चिम सीमान्त एजेंसी' नाम से एक अलग अंचल का गठन की थी ।

व्याख्या 1 : यह चुआड़ विद्रोह के बाद गठित हुई थी ।

व्याख्या 2 : इसका गठन कोल विद्रोह के पश्चात हुआ था ।

व्याख्या 3 : यह मुण्डा विद्रोह के बाद गठित हुई थी ।

(2.5.3) कथन : 1917 ई. में जगदीशचन्द्र बसु ने बसु विज्ञान मन्दिर की स्थापना की ।

व्याख्या 1 : यह वनस्पतिशास्त्र में शोध के लिए प्रतिष्ठित हुई ।

व्याख्या 2 : यह विज्ञान शिक्षा के प्रसार के लिए प्रतिष्ठित हुई ।

व्याख्या 3 : यह वैज्ञानिक शोध के विकास के लिए प्रतिष्ठित हुई ।

(2.5.4) कथन : उन्नीसवीं शताब्दी में बंगाल के प्रकाशक अपनी पुस्तकों को बेचने के लिए फेरीवाले के ऊपर निर्भर थे ।

व्याख्या 1 : कारण, किताबों की दुकान बहुत सीमित थीं ।

व्याख्या 2 : कारण, किताबों को विक्रय करना निम्न स्तर का पेशा समझा जाता था ।

व्याख्या 3 : कारण, यह सम्भावित क्रेताओं के पास पहुँचाने का सबसे सस्ता एवं आसान तरीका था ।

## विभाग 'ग'

3. दो अथवा तीन वाक्यों में निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए (किन्हीं 11 प्रश्नों का) : 2×11=2

3.1 सैन्य इतिहास के अध्ययन का क्या महत्व है ?

3.2 'सरकारी दस्तावेज' का क्या तात्पर्य है ?

3.3 स्कूल बुक सोसायटी की स्थापना क्यों हुई ?

3.4 मधुसूदन गुप्त क्यों स्मरणीय हैं ?

3.5 लार्ड हार्डिंग का 'शिक्षा विषयक निर्देशनामा' क्यों महत्वपूर्ण है ?

3.6 'बंगाल नवजागरण' से क्या समझते हैं ?

3.7 फराजी आन्दोलन असफल क्यों हुआ ?

3.8 तीतूमीर क्यों याद किए जाते हैं ?

3.9 शिक्षित बंगाली समाज का एक अंश महाविद्रोह (1857) का विरोध क्यों किया था ?

3.10 व्यंगचित्र (cartoons) क्यों चित्रित किया जाता है ?

3.11 नवगोपाल मित्र कौन थे ?

3.12 उन्नीसवीं शताब्दी में बंगाल में राष्ट्रीयता के विकास में बंकिमचन्द्र की क्या भूमिका थी ?

3.13 राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की स्थापना क्यों हुई ?

3.14 'विद्यासागर साट' कहने से क्या समझते हैं ?

3.15 बाँग्ला छापाखाना के विकास में लाइनोटाइप को युक्त करने का क्या महत्व है ?

3.16 ग्रामीण शिल्प एवं वृत्ति शिक्षा के प्रसार में रवीन्द्रनाथ का क्या योगदान था ?

## विभाग 'घ'

4. सात या आठ वाक्यों में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक उपविभाग से कम से कम दो करके प्रश्नसहित कुल छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 4×6=24

### उपविभाग : घ.1

4.1 उन्नीसवीं शताब्दी में बंगाल में नारी शिक्षा के विस्तार के लिए राजा राधाकान्तदेव किस प्रकार की भूमिका ग्रहण किए थे ?

4.2 लार्ड मैकाले को क्या इस देश में पाश्चात्य शिक्षा का प्रवर्तक कहा जा सकता है ?

4.3 औपनिवेशिक सरकार किस उद्देश्य से वन कानून लागू की थी ?

4.4 नील विद्रोह में संवादपत्रों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

### उपविभाग : घ.2

4.5 राष्ट्रवाद के प्रसार में हिन्दू मेला की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

4.6 'गोरा' उपन्यास में रवीन्द्रनाथ की जिस राष्ट्रवादी भावना का परिचय मिलता है, उसका विश्लेषण कीजिए।

4.7 बंगाल में शिक्षा के विस्तार में छापाखाना किस प्रकार का परिवर्तन लाया था ?

4.8 बंगाल में छापाखाना के विकास के लिए गंगाकिशोर भट्टाचार्य की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

## विभाग 'ङ'

5. पन्द्रह या सोलह वाक्यों में किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 8×1=8

5.1 उन्नीसवीं शताब्दी में बंगाल के धर्म सुधार आन्दोलन में रामकृष्णदेव की भूमिका की संक्षिप्त आलोचना कीजिए। 8

5.2 संन्यासी-फकीर आन्दोलन का ऐतिहासिक महत्व क्या है ? यह विद्रोह असफल क्यों हो गया ? 5+3

5.3 हैलहेड के 'ए ग्रामर आफ द बंगाल लैंग्वेज' का क्या महत्व है ? बंगाली भाषा में छपाई के विकास में चार्ल्स विल्किंस की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। 3+5

## (केवल बाह्य परीक्षार्थियों के लिए)

## विभाग 'च'

6. 6.1 निम्नलिखित का एक वाक्य में उत्तर दीजिए (कोई चार) : 1×4=4

6.1.1 'बंगदर्शन' किस वर्ष में प्रकाशित हुई ?

6.1.2 इन्डिगो कमीशन कब गठित हुआ ?

6.1.3 हिन्दू कालेज की स्थापना किस वर्ष में हुई ?

6.1.4 भागनाडिही में कौन सा विद्रोह प्रारम्भ हुआ ?

6.1.5 'भारतमाता' चित्र किसने अंकित किया था ?

6.1.6 बसुविज्ञान मन्दिर की स्थापना किसने की ?

6.2 दो अथवा तीन वाक्यों में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई तीन) : 2×3=6

6.2.1 डेविड हेयर क्यों प्रसिद्ध हैं ?

6.2.2 क्रान्ति का क्या अर्थ है ?

6.2.3 भारत सभा की स्थापना के दो उद्देश्य लिखिए।

6.2.4 पंचानन कर्मकार स्मरणीय क्यों हैं ?

6.2.5 श्रीनिकेतन की स्थापना किस उद्देश्य से की गई ?